दैनिक भास्कर

क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता कल

पिलानी | बिरला शिशु विहार में रविवार को मिनी क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता होगी। प्राचार्य पवन वशिष्ठ ने बताया कि सुबह छह बजे से होने वाली प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि बीईटी निदेशक मेजर जनरल एसएस नायर होंगे। क्रॉसकंट्री में स्टूडेंट्स 2.5 किमी की दूरी पूरी करेंगे।

राजस्थान पत्रिका . सीकर, शनिवार, 04 अगस्त, 2018

क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता कल

पिलानी. बिरला शिशु विहार स्कूल में मिली क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को किया जा रहा है। विद्यालय प्राचार्य पवन वशिष्ठ ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय के खेल मैदान पर रविवार को सुबह छह बजे होगा। माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता का शुभारंभ बिरला शिक्षण संस्थान निदेशक जनरल एसएस नायर के मुख्यातिथ्य में होगा।

सीमा सन्देश

इंटर हाउस मिनी क्रॉस कंट्री रेस कल

पिलानी। बिरला शिशु विहार द्वारा इंटर हाउस मिनी क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को किया जाएगा। इस आयोजन में स्कूल के माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर के बच्चों को शामिल किया जाएगा। प्राचार्य पवन वशिष्ठ ने बताया कि इस प्रतियोगिता की शुरुआत प्रातः 6 से बिरला शिशु विहार खेल के मैदान से की जाएगी। इसके मुख्यातिथि मेजर जनरल (रिटायर्ड) एस.एस. नायर निदेशक बिरला एजुकेशन ट्रस्ट पिलानी होंगे। प्राचार्य ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य प्रतियोगियों में अनुशासन, सहयोग, साहस एवं बल भावना आदि गुणों का विकास करना होता है। क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का मार्ग विद्या विहार कैंपस में ही रहेगा जो स्कूल खेल के मैदान से शुरु होकर बीईटी निदेशक निवास, एन.सी.सी. कार्यालय, पटेल प्रतिमा और गांधी प्रतिमा से होकर स्कूल में खेल के मैदान में खत्म होगी।